राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या–प0नि0 30–51/2015 2086

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
खगड़िया।

पटना, दिनांक– 7.5.24

विषय :– अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु प्रेषित प्रस्ताव में वांछित कागजात उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग:– आपका पत्रांक 554 दिनांक 26.04.2024

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रतिवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं। जिनके समीक्षोपरान्त प्रतिवेदन में निम्न कागजात उपलब्ध नहीं है, जिनके आभाव में रिक्त पद पर निर्वाचन की तिथि निर्धारित करने में कठिनाई हो रही है :–

1. **प्रखंड चौथम ग्राम पंचायत पिपरा के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधी प्रतिवेदन में अविश्वास प्रस्ताव संबंधी अध्यपेक्षा की प्रति संलग्न नहीं है।
2. **प्रखंड गोगरी ग्राम कचहरी झिकटिया के उप सरपंच** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधी प्रतिवेदन में प्रपत्र–03 एवं कार्यवाही पंजी में बैठक की तिथि 12.02.2024 अंकित है जबकि निर्गत सूचना में बैठक की तिथि 07.02.2024 अंकित है, के संदर्भ में स्थिति स्पष्ट करने की आवश्यकता है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि कंडिका–01 के संदर्भ में उक्त वांछित कागजात तथा कंडिका–02 के संदर्भ में स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति से दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन,
07/05/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

3.5.24

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com